


# बिहार विधान परिषद् दैनिक विवरणिका

संख्या- 9 सत्र- 188वां

## सदन की कार्यवाही का संक्षिप्त अभिलेख
## सोमवार, दिनांक 12.3.2018 ई.

**माननीय उप सभापति श्री मो. हारूण रशीद की अध्यक्षता में सदन की कार्यवाही आरंभ हुई।**

12.00 मध्याह्न से 5.00 अपराह्न तक

1. कार्यस्थगन प्रस्ताव के माध्यम से आसन का ध्यान आकृष्ट किया जाना एवं आसन का नियमन

सदन की बैठक आरंभ होते ही माननीय सदस्य, श्री सुबोध कुमार ने कार्यस्थगन प्रस्ताव के माध्यम से राज्य में बढ़ते अपराध की घटनाओं के संबंध में आसन का ध्यान आकृष्ट किया, जिसपर आसन से यह नियमन देने की कृपा की गई कि माननीय सदस्य, श्री सुबोध कुमार से प्राप्त कार्यस्थगन प्रस्ताव की सूचना को बिहार विधान परिषद् की प्रक्रिया एवं कार्य संचालन नियमावली के अंतर्गत कार्यस्थगन प्रस्ताव के निष्पादन की प्रक्रिया की कंडिका-6 के आलोक में अस्वीकृत कर दिया गया है।

2. प्रश्नोत्तर काल

अल्पसूचित प्रश्न

प्रश्न संख्या- अ-28, 76, 77, 78, 80, 81 उत्तरित हुए।
प्रश्न संख्या- 79 स्थगित हुआ।

### आसन का नियमन

अल्पसूचित प्रश्न संख्या- 28 पर सदन की भावना को देखते हुए आसन से यह नियमन देने की कृपा की गई कि माननीय मंत्री, माननीय सदस्यगण प्रश्न पूछना चाह रहे हैं कि जो सूची में नाम आया है 93 महिलाएं उसमें नियुक्ति से वंचित रह गईं, उनको नियुक्ति पत्र नहीं मिला। तो आप अपने स्तर से इसको देख लेंगे और जो आवश्यक निर्देश होगा, वह निर्देश देंगे और उचित कार्रवाई करेंगे। माननीय सदस्यों की जिज्ञासा को देखते हुए उसको गंभीरता से करेंगे। माननीय सदस्य, हम पूछ लेंगे और उनसे जानकारी प्राप्त कर लेंगे।

अल्पसूचित प्रश्न संख्या- 81 पर सदन की भावना को देखते हुए आसन से यह नियमन देने की कृपा की गई कि माननीय मंत्री कह रहे हैं कि अगले वित्तीय वर्ष में करा देंगे।

### तारांकित प्रश्न

प्रश्न संख्या- 170, 171, 172, 173, 175, 176, 177, 178, 179, 180, 181, 182, 184, 186, 187, 188, 189, 190 उत्तरित हुए।

प्रश्न संख्या- 174, 185 स्थगित हुए।

प्रश्न संख्या– 191 व्यपगत हुआ।

प्रश्न संख्या– 183 सदन पटल पर रखा गया।

### आसन का नियमन

तारांकित प्रश्न संख्या- 173 पर सदन की भावना को देखते हुए आसन से यह नियमन देने की कृपा की गई कि सरकार कह रही है कि 2018 में बना देंगे।

तारांकित प्रश्न संख्या- 175 पर माननीय उप मुख्यमंत्री, श्री सुशील कुमार मोदी ने स्थिति को स्पष्ट करते हुए आश्वासन दिया, जिसपर आसन की ओर से माननीय उप सभापति महोदय ने बहुत-बहुत धन्यवाद दिया।

तारांकित प्रश्न संख्या- 176 पर सदन की भावना को देखते हुए आसन से यह नियमन देने की कृपा की गई कि जिस दिन यहां कृषि पर बजट हो रहा था, उसमें माननीय कृषि मंत्री ने बिहार के कृषि प्रांगण के डेवलपमेंट के बारे में विस्तार से जानकारी दी है। माननीय सदस्य, आपकी जिज्ञासा पूरी हो चुकी है।

तारांकित प्रश्न संख्या- 178 पर सदन की भावना को देखते हुए आसन से यह नियमन देने की कृपा की गई कि माननीय सदस्यों ने जो प्रश्न उठाया है, रजनीश जी ने भी उठाया है कि आम सभा नहीं हो रही है, आपका कहना है कि आम सभा के माध्यम से चयनित किया जाता है, आप इन बिन्दुओं पर समीक्षा करते ही रहते हैं। इनकी जो भावना है, उसके अनुरूप आप विशेष समीक्षा कर लें।

### 3. शून्यकाल

शून्यकाल के दौरान निम्नांकित माननीय सदस्यों ने विभिन्न विषयों की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट किया-

1. श्री केदारनाथ पाण्डेय
2. श्री राधाचरण साह
3. प्रो. नवल किशोर यादव

**आसन का निदेश**

माननीय सदस्य, श्री केदारनाथ पाण्डेय की शून्यकाल की सूचना पर सदन की भावना को देखते हुए आसन से यह निदेश देने की कृपा की गई कि आपका इतना महत्वपूर्ण विषय है, तो इसको शून्यकाल के बजाय ध्यानाकर्षण के रूप में लाते तो सरकार उत्तर देती। इसलिए आप इसपर ध्यानाकर्षण दे दीजिए।

माननीय सदस्य, श्री राधाचरण साह की शून्यकाल की सूचना पर सदन की भावना को देखते हुए आसन से यह निदेश देने की कृपा की गई कि जिस डॉक्टर ने ऑपरेशन किया था, उनसे कल मेरी बात हुई थी। ऑपरेशन सफल रहा, वे सेना के जवान हैं तो उनके इलाज का पैसा सरकार देती ही है। हम इसको दिखवा लेते हैं, आप दे दीजिए। शून्यकाल समिति उसको देखेगी।

माननीय सदस्य, प्रो. नवल किशोर यादव की शून्यकाल की सूचना पर सदन की भावना को देखते हुए आसन से यह निदेश देने की कृपा की गई कि ठीक है, दे दीजिए, शून्यकाल समिति इसको देखेगी।

4. **ध्यानाकर्षण**

1. माननीय सदस्य, श्री रजनीश कुमार द्वारा राज्य में कृषि समन्वयक के पद पर स्थायी नियुक्ति के संबंध में सरकार का ध्यान आकृष्ट किया गया।

   इसपर सरकार की ओर से माननीय मंत्री, श्री खुर्शीद उर्फ फिरोज अहमद ने वक्तव्य दिया।

2. माननीय सदस्य, श्री अर्जुन सहनी द्वारा राज्य के मत्स्यपालकों को बाढ़ एवं अतिवृष्टि से होने वाले नुकसान के लिए मुआवजा दिए जाने के संबंध में सरकार का ध्यान आकृष्ट किया जाना।

   (माननीय सदस्य अनुपस्थित)

3. माननीय सदस्य, श्री दिनेश प्रसाद सिंह द्वारा जिला परिषदों की परसम्पत्तियों के निर्माण मद में आवंटित राशि को लंबित रखे जाने से उत्पन्न स्थिति के संबंध में सरकार का ध्यान आकृष्ट किया गया।

   इसपर माननीय मंत्री, श्री कपिलदेव कामत ने समय की मांग की।

4. माननीय सदस्य, श्री राजकिशोर सिंह कुशवाहा द्वारा राज्य के सभी पंचायतों में पंचायत सचिवों की नियुक्ति के संबंध में सरकार का ध्यान आकृष्ट किया गया।

   इसपर सरकार की ओर से माननीय मंत्री, श्री कपिलदेव कामत ने वक्तव्य दिया।

**आसन का नियमन**

सदन की भावना को देखते हुए आसन से यह नियमन देने की कृपा की गई कि माननीय मंत्री, समय सीमा तय कराकर जल्द नियुक्ति करा दीजिए। मुझे और भी जानकारी है कि इसपर माननीय मुख्यमंत्री जी का अलग से वक्तव्य आया है, उस दिन बोल रहे थे, केदार बाबू को मालूम है। उन्होंने चिंता व्यक्त की है और कहा है कि वे जल्दी ही नियुक्ति करेंगे।

5. माननीय सदस्य, श्री सी.पी. सिन्हा द्वारा पटना जिलान्तर्गत दुल्हिन बाजार से पितमास भाया दिहुली तक के गांवों के बाहर-बाहर सड़क निर्माण कर मसौढ़ी, नौबतपुर तथा पालीगंज से जोड़ने के संबंध में सरकार का ध्यान आकृष्ट किया गया।

इसपर सरकार की ओर से माननीय मंत्री, श्री शैलेश कुमार ने वक्तव्य दिया।

(अंतराल)

**5. आसन की घोषणा, अनुरोध एवं धन्यवाद दिया जाना**

माननीय सदस्यगण, आज वक्ताओं की संख्या बहुत अधिक है और सरकार की ओर से कई माननीय मंत्रियों को भी जवाब देना है। इसलिए कृपया समय सीमा में आपलोग हर आदमी बंधने का प्रयास करेंगे। माननीय शिक्षा मंत्री सुनने के लिए और जवाब देने के लिए सदन में बैठे हैं। मैं उनको धन्यवाद देता हूं।

**6. वित्तीय वर्ष 2018-19 के आय-व्ययक पर विभागवार सामान्य वाद-विवाद तथा सरकार का उत्तर**

(शिक्षा, सूचना प्रावैधिकी, पर्यावरण एवं वन, समाज कल्याण)

विभागवार सामान्य वाद-विवाद पर निम्नांकित माननीय सदस्यों ने अपने विचार व्यक्त किए -

1. श्री आदित्य नारायण पाण्डेय

(आसन से माननीय उप सभापति महोदय ने कहा कि बहुत-बहुत धन्यवाद, समय सीमा में आपने अपनी बात रखी।

2. डा. वीरेन्द्र नारायण यादव

(माननीय उप सभापति महोदय ने कहा कि आपका स्वागत और बधाई, इसलिए कि आपको पहली बार हमलोग सदन में सुनेंगे।)

3. श्री दिलीप राय
4. प्रो. नवल किशोर यादव

7. **आसन की सूचना**

आसन से माननीय उप सभापति महोदय ने सदन को सूचित करते हुए कहा कि मैं एम.आई.टी. यूनिवर्सिटी के बुलाने पर विधान परिषद् के सभापति की हैसियत से पुणे गया था। वहां स्मृति ईरानीजी और तुषार गांधीजी भी आए थे। वहां मुझे एक नई चीज देखने को मिली कि एम.आई.टी. यूनिवर्सिटी में डिग्री कोर्स ऑफ पॉलिटिक्स की पढ़ाई होती है और उसका विजन है कि राजनीति में पढ़े-लिखे, ट्रेंड और स्किल्ड लोगों का प्रवेश हो। वहां से बच्चे फिर विदेश में जाते हैं और ऊंची डिग्री प्राप्त करके आते हैं । उनको निकाय, एम0एल0ए0, एम0पी0 के चुनाव में भी भेजा जाता है। एक बड़ी चीज वहां हमने देखी । अभी आप जो भाषण दे रहे थे, सरकार की उपलब्धि पर बात कर रहे थे, तो आज दुनिया और भारत इस दिशा में आगे बढ़ रहा है, यह बड़ी चीज है। आपकी जानकारी के लिए हमने बताया ।

**वित्तीय वर्ष 2018-19 के आय-व्ययक पर विभागवार सामान्य वाद-विवाद तथा सरकार का उत्तर**
(शिक्षा, सूचना प्रावैधिकी, पर्यावरण एवं वन, समाज कल्याण)

5. डा. सूरज नन्दन प्रसाद
6. श्री सुबोध कुमार
7. डा. दिलीप कुमार चौधरी
8. श्री केदारनाथ पाण्डेय

विभागवार सामान्य वाद-विवाद के उपरांत सरकार की ओर निम्नांकित माननीय मंत्रियों ने वक्तव्य दिया -

1. श्री सुशील कुमार मोदी, माननीय उप मुख्यमंत्री
2. श्री कृष्णनन्दन प्रसाद वर्मा, माननीय शिक्षा मंत्री (माननीय मंत्री ने अपना लिखित वक्तव्य सदन पटल पर रखा।)
3. श्रीमती कुमारी मंजू वर्मा, माननीया समाज कल्याण मंत्री ने अपना लिखित वक्तव्य सदन पटल पर रखा।

8. **निवेदन**

निवेदन के माध्यम से निम्नांकित माननीय सदस्यों ने सदन का ध्यान आकृष्ट किया-

1. डा. उपेन्द्र प्रसाद
2. प्रो. नवल किशोर यादव
3. श्री सतीश कुमार
4. प्रो. संजय कुमार सिंह
5. श्री सोनेलाल मेहता
6. श्री राजेश राम
7. श्री राजकिशोर सिंह कुशवाहा

8. श्री राधा चरण साह
9. श्री सी.पी. सिन्हा

माननीय उप सभापति महोदय ने सदन की अनुमति से यह निदेश देने की कृपा की कि प्राप्त सभी निवेदन ' निवेदन समिति' के विचारार्थ सुपुर्द किए जाएं।

**तत्पश्चात् परिषद् की बैठक मंगलवार, दिनांक 13.3.2018 को 12.00 मध्याह्न तक के लिए स्थगित हुई ।**

12/3/2018

**(सुषीम शर्मा)**
मुख्य प्रतिवेदक,
बिहार विधान परिषद् ।

ज्ञापांक- 436 (3) / वि.प. पटना, दिनांक 12.3.2018

प्रतिलिपि : बिहार विधान परिषद् के माननीय सदस्यगण/ माननीय मुख्यमंत्री सहित अन्य माननीय मंत्रीगण/ महामहिम राज्यपाल के सचिव, बिहार/ माननीय महाधिवक्ता, बिहार/ माननीय लोकायुक्त, बिहार/ बिहार सरकार के सभी विभाग तथा विभागाध्यक्ष/ सभी राज्यों के विधानमंडलों के सचिव/ लोक सभा तथा राज्य सभा सचिवालय, नई दिल्ली/ विधि मंत्रालय, नई दिल्ली/ पुस्तकालयाध्यक्ष, संसद भवन, नई दिल्ली/ बिहार विधान मंडल पुस्तकालय, पटना/ निदेशक, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, बिहार/ अधिष्ठान निदेशक, आकाशवाणी, पटना/ समाचार संपादक, दूरदर्शन केन्द्र, पटना/ सचिव, बिहार विधान सभा को सूचनार्थ प्रेषित।

प्रमोद कुमार
12-3-2018

**(प्रमोद कुमार)**
वरीय प्रतिवेदक,
बिहार विधान परिषद् ।